## कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2022/377 लखनऊःदिनांक 14 फरवरी, 2022

### यू0पी0 नीट यू0जी0–2021 की द्वितीय चक की ऑन लाईन कांउसिलिंग की समय सारणी

राजकीय/निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेंटल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0) में प्रवेश हेतु यू0पी0 नीट यू0जी0 2021 की द्वितीय चक की ऑन लाईन कांउसिलिंग हेतु समय–सारणी निम्नवत् हैः–

| | |
|---|---|
| आन लाईन पंजीकरण की तिथि | दिनांक 17 फरवरी, 2022 (पूर्वान्ह 11:00 बजे) से दिनांक 21 फरवरी 2022 तक |
| नये पंजीकृत अभ्यर्थियों के शैक्षणिक/जाति/अन्य प्रमाण पत्रों का सत्यापन तथा धरोहर धनराशि जमा करने की तिथि | दिनांक 18 फरवरी 2022 से 22 फरवरी 2022 तक |
| पंजीकृत अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट की घोषित किये जाने की तिथि | दिनांक 22 फरवरी 2022 |
| कांउसिलिंग हेतु विकल्प (Choice) भरे जाने की तिथि | दिनांक 4 मार्च 2022 ( अपरान्ह 2:00 बजे ) से दिनांक 07 मार्च 2022 ( अपरान्ह 2:00 बजे ) तक |
| सीट आंवटन के परिणाम की घोषणा | दिनांक 8/9 मार्च 2022 |
| आवंटन पत्र डाउनलोड किये जाने की तिथि तथा प्रवेश लेने की तिथि | दिनांक 09 मार्च 2022 से दिनांक 14 मार्च 2022 (रविवार एवं राजकीय अवकाश को छोडकर ) |

- कांउसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु नये अभ्यर्थियों को वेबसाईट ***https://upneet.gov.in*** पर पंजीकरण शुल्क रू0 2000/– द्वितीय चक की कांउसिलिंग हेतु ऑन–लाईन जमा करते हुये पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- प्रथम चक की काउंसिलिंग हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों को पुनः पंजीकरण नही कराया जाना है।
- नये पंजीकृत अभ्यर्थियों को अभिलेखों के सत्यापन हेतु अभ्यर्थी के स्वयं द्वारा चयन किये गये नोडल सेन्टर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मूल अभिलेखों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।
- दिव्यांगता प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित केन्द्रो से जारी प्रारूप पर ही मान्य होगें।
- अभ्यर्थियों द्वारा धरोहर धनराशि ( Security Money) का बैंक द्वारा निर्गत **सी0टी0एस0** बैक ड्राफ्ट जो **"महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0"(*Director General, Medical Education & Training, U.P.* payable at Lucknow)** के पक्ष मे देय होगा, अभिलेखों के सत्यापन के समय सम्बन्धित नोडल सेन्टर पर जमा करना अनिवार्य होगा।
- धरोहर धनराशि राजकीय क्षेत्र (मेडिकल/डेण्टल) हेतु रू0 30,000/– (रू0 तीस हजार मात्र) तथा निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज हेतु रू0 2.00 लाख (रू0 दो लाख मात्र) तथा निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेज हेतु रू0 1.00 लाख (रू0 एक लाख मात्र) का सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट नोडल सेन्टर पर जमा किया जायेगा।
- राजकीय सीटों हेतु अर्ह अभ्यर्थी द्वारा सिक्योरिटी धनराशि रू0 2,00,000 ( रू0 दो लाख मात्र ) जमा करने पर वह राजकीय/निजी क्षेत्र की एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 की समस्त सीटो हेतु अर्ह माने जायेंगे। इसी प्रकार सिक्योरिटी धनराशि रू0 1,00,000 (रू0 एक लाख मात्र) जमा करने पर राजकीय क्षेत्र की एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 एवं निजी क्षेत्र के डेन्टल कालेजो की बी0डी0एस0 सीटो हेतु अर्ह माने जायेंगे। सिक्योरिटी धनराशि रू0 30,000 (रू0 तीस हजार मात्र) जमा करने पर अभ्यर्थी केवल राजकीय क्षेत्र एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 की सीटो हेतु अर्ह होंगे।
- केवल वही अभ्यर्थी च्वाईस फिलिंग ( Choice filling ) के लिये अर्ह होगें जिनके मूल अभिलेखों का सत्यापन नोडल सेन्टर द्वारा किया गया हो एवं उनकी धरोहर धनराशि ( Security Money ) जमा हो।
- अभ्यर्थी केवल वही विकल्प प्रस्तुत करें जिस कालेज में वह प्रवेश हेतु इच्छुक है, अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये विकल्प पर आवंटन होने की दशा में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। प्रवेश न लेने की दशा में धरोहर धनराशि ( security Money ) जब्त कर ली जायेगी।
- पंजीकृत अभ्यर्थियों को च्वाइस भरने के उपरान्त च्वाइस लॉक करना अनिवार्य होगा, च्वाइस लॉक न करने की स्थिति में अभ्यर्थियों को आवंटन प्रकिया में सम्मलित नही किया जायेगा।
- महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***https://upneet.gov.in & www.*** **dgme.up.gov.in** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक